दिनांक: 23.10.2024 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- उच्च न्यायालय के दखल के बाद प्रदेश के रेजीडेंट डॉक्टरों ने हड़ताल समाप्त की।
- राज्य की सात विधानसभा सीटों के उपचुनाव में नामांकन के लिए दो दिन बाकी–अब तक कुल 11 नामांकन दाखिल।
- प्रदेश में रबी फसलों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध–कृषि विभाग की ओर से खपत के आधार पर जिलों को खाद का वितरण।
- भारत ब्रैंड चना दाल की बिक्री का दूसरा चरण आज से शुरू।

000

उच्च न्यायालय के दखल के बाद प्रदेश के रेजीडेंट डॉक्टरों ने अपनी हडताल समाप्त करने की घोषणा की है। उच्च न्यायालय ने आज हडताल पर संज्ञान लेते हुए उसे अनुचित बताया। न्यायाधीश समीर जैन ने मामले पर सुनवाई करते हुए कहा कि रेजीडेंट डॉक्टरों की मांगें हो सकती हैं, लेकिन हड़ताल करना इसका समाधान नहीं है। न्यायालय ने डॉक्टरों की मांगों के लिए चिकित्सा शिक्षा के सचिव की अध्यक्षता में एक समिति गठित कर सरकार को निर्देश दिये कि वे हडताल कर रहे रेजीडेंट्स की मांगों पर विचार करें। न्यायालय ने इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करने के निर्देश भी दिये हैं। इधर, जयपुर एसोसिएशन ऑफ रेजीडेंट डॉक्टर्स की ओर से कहा गया कि उन्होंने जनहित और सार्वजनिक सेवा की भावना में ये निर्णय लिया है। गौरतलब है कि रेजीडेंट डॉक्टरों की हड़ताल से मेडिकल कॉलेजों में मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

000

प्रदेश की सात विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए नामांकन के लिए अब केवल दो दिन बाकी हैं। इन विधानसभा सीटों के लिए अब तक कुल 11 नामांकन पत्र दाखिल किये गए हैं। आज दौसा विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिए तीन जबकि झुंझुनूं, खींवसर तथा सलूम्बर के लिए एक–एक नामांकन पत्र भरा गया। भाजपा ने छह सीटों के लिए अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है, जबकि चौरासी निर्वाचन क्षेत्र के लिए उसे अभी अपना प्रत्याशी घोषित करना है। दूसरी ओर कांग्रेस के प्रत्याशियों की सूची किसी भी समय आ सकती है। माना जा रहा है कि कांग्रेस ने अपने प्रत्याशियों के नाम के लिए सभी कसरत पूरी कर ली है।

इस बीच, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कल उपचुनाव वाले क्षेत्र का दौरा कर विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। झुंझुनू, अलवर के रामगढ़, दौसा, तथा टोंक के उनियारा में मुख्यमंत्री का दौरा रहेगा। चुनावी तैयारियों के तहत आज दौसा में जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र यादव और पुलिस अधीक्षक रंजिता शर्मा ने नांगल ब्लॉक में बड़ा गांव भोजपुरा, मनपुरिया, टिटौली प्यारी वास, नांगल राजावतान, रामसिंहपुरा, मलवास, देहलास गांवों के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।

000

प्रदेश में आज विभिन्न जिलों में आयोजित इन्वेस्टर्स मीट में 8 हजार 146 करोड़ रुपये के निवेश के लिए एमओयू हुए हैं। चूरू जिले में औद्योगिक विकास की दिशा में 2 हजार 411 करोड़ रुपये निवेश के लिए 92 एमओयू किये गये। जिले के प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने इस अवसर पर कहा कि इन एमओयू से जिले में रोजगार के और अवसर विकसित होंगे।

डीग जिले में इन्वेस्टर्स मीट में स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई। जिला कलेक्टर उत्सव कौशल ने बताया कि जिले में 110 करोड़ रुपये के 16 एमओयू साइन किए गए हैं।

पाली जिले में राइजिंग राजस्थान के तहत आज जिला स्तरीय इनवेस्टर्स मीट फालना में हुई। प्रभारी मंत्री झाबर सिंह खर्रा, सांसद पी.पी. चौधरी, कैबनिट मंत्री जोराराम कुमावत, बाली विधायक पुष्पेंद्र सिंह ने कार्यक्रम काशुभारंभ किया। जिला कलेक्टर एल एन मंत्री ने बताया कि मीट में 4 हजार 55 करोड़ के 136 एमओयू साइन हुए हैं।

इसी तरह सिरोही में जिला स्तरीय राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टर्स मीट, प्रभारी मंत्री के.के. विश्नोई की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान राज्य मंत्री ओटाराम देवासी भी मौजूद रहे। आज 1 हजार 570 करोड़ रुपये

के 80 एमओयू किये गये। इससे यहां 4 हजार 744 लोगों को रोजगार मिलेगा। ब्यावर जिले की इन्वेस्टर्स मीट कल होगी। जिले में अब तक कुल 52 समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इनके तहत 2 हजार 845 करोड़ रुपये का निवेश होगा और लगभग 8 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा।

000

पूर्व उपराष्ट्रपति भैरों सिंह शेखावत की आज 101वीं जयंती है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पुष्पांजलि अर्पित की। जयपुर के विद्याधर नगर में श्री शेखावत के स्मृति स्थल पर श्रृद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूर्व उपराष्ट्रपति श्री शेखावत की जयंती भरतपुर में श्रद्धाभाव के साथ मनाई गई। भाजपा कार्यकर्ताओं के अलावा अन्य संगठनों के लोगों ने उनके चित्र पर फूल चढ़ाए और देशहित में उनके कार्यों को याद किया गया। सवाईमाधोपुर में विभिन्न संगठनों की ओर से श्रद्धांजलि सभाएं रखी गईं।

000

राज्य के पूर्व मंत्री बनवारी लाल शर्मा का आज उनके पैतृक निवास पर निधन हो गया। वे 84 वर्ष के थे। वे 1967 में पहली बार धौलपुर से विधायक बने थे। वे लगातार पांच बार वहां से विधायक रहे। कांग्रेस सरकार में उन्होंने मंत्री के अलावा अन्य पदों पर भी काम किया। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उनके निधन पर शोक जताया है। प्रदेश के कांग्रेस नेताओं और अन्य गणमान्य लोगों ने भी श्री शर्मा के निधन पर संवेदना प्रकट की है।

000

प्रदेश में रबी फसलों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। कृषि विभाग की ओर से कम उपलब्धता और अधिक खपत वाले जिलों को चिन्हित करते हुए सभी जिलों में प्राथमिकता से पूरी पारदर्शिता के साथ डीएपी का वितरण किया जा रहा है। वर्तमान में राज्य में 34 हजार मै.टन डीएपी, 4 लाख 18 हज़ार मै.टन यूरिया, 2 लाख 22 हज़ार मीट्रिक टन एसएसपी एवं 52 हजार मै.टन एनपीके का स्टॉक है। कृषि और उद्यानिकी विभाग के शासन सचिव राजन विशाल ने बताया कि राज्य में रबी 2024–25 के लिए अक्टूबर महीने में केन्द्र सरकार द्वारा एक लाख 80 हजार मै.टन डीएपी का आवंटन किया गया, जिसके विरूद्ध 22 अक्टूबर तक 74 हजार मैटन डीएपी की आपूर्ति हुई है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा बाकी एक लाख छह हजार मीट्रिक टन डीएपी की आपूर्ति के लिए केंद्र से आग्रह किया गया है। उन्होंने बताया कि डीएपी के वैकल्पिक उर्वरक के रूप में सिंगल सुपर फॉस्फेट और यूरिया तथा एनपीके के उपयोग के लिए किसानों को किसान गोष्ठियां और मेलों के माध्यम से प्रशिक्षित किया जा रहा है।

000

भारत ब्रैंड चना दाल की बिक्री का दूसरा चरण आज से शुरू हो गया है। भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता परिसंघ लिमिटेड–एन.सी.सी.एफ. और भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन परिसंघ–नेफेड के माध्यम से यह बिक्री की जा रही है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी ने बताया कि भारत चना दाल केन्द्रीय भण्डार, मोबाइल वैन, नेफेड और ई–कॉमर्स माध्यम से 70 रूपये प्रतिकिलो की दर से उपलब्ध होगी। इसके अलावा चना 58 रूपये प्रतिकिलो, मूंग दाल 107 रूपये प्रतिकिलो और मसूर दाल नवासी रूपये प्रतिकिलो मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने पहले अलनीनो के प्रभाव के वजह से चना दाल से आयात शुल्क हटा दिया था। अलनीनो के प्रभाव के कारण पिछले वर्ष इसका उत्पादन कम हुआ था। श्री जोशी ने कहा कि अधिक उत्पादन के लिए दालों का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढा दिया गया है। नेफेड और एनसीसीएफ किसानों के साथ उनके पूरे उत्पाद की खरीद के लिए समझौते पर विचार कर रहे हैं। इसके अलावा सरकार ने मूल्य स्थिरता कोष में दस हजार करोड रूपये आवंटित किये हैं। इस राशि का उपयोग मंहगाई पर नियंत्रण के लिए किया जा रहा है।

000

पश्चिमी राज्यों के लिए सामुदायिक रेडियो सम्मेलन–सीआरएस कल से जयपुर में शुरू हो रहा है। दो दिन का ये सम्मेलन सूचना और प्रसारण मंत्रालय की ओर से भारतीय जनसंचार संस्थान आईआईएमसी, नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन का विषय ''भारत में सामुदायिक रेडियो के बीस वर्ष पूरे होने का उत्सव'' है।

इस सम्मेलन में महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गुजरात और राजस्थान राज्यों के सामुदायिक रेडियो स्टेशन भाग लेंगे। सम्मेलन के दो दिनों में सीआरएस से संबंधित मुद्दों पर विचार–विमर्श किया जाएगा। सम्मेलन में सामुदायिक रेडियो नीति में बदलाव, डिजिटल युग में सीआरएस की प्रासंगिकता, स्वदेशी भाषाओं के संरक्षण और संवर्धन में सीआरएस की भूमिका जैसे विषयों पर सत्र होंगे।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी रविवार को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 115वीं कड़ी होगी। श्रोता, इस महीने की 25 तारीख तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं। इसके अलावा 1922 पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक से भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। नरेंद्र मोदी एप या माई जीओवी ओपन फोरम के जरिये ऑनलाइन भी सुझाव दिये जा सकते हैं।

000